**संलग्न - III**

**स्व प्रेरणा से प्रकटीकरण**

**28th May, 2015 को अद्यतन किया गया**

**मद संख्या 8(A) (3)**

**फा .सं. 2-4/2013 यूनेस्को**

**भारत सरकार**

**संस्कृति मंत्रालय**

**विषय :''भारत की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत और विविध सांस्कृतिक परम्पराओं का संरक्षण'' स्कीम हेतु विशेषज्ञ समिति**

"भारत की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत और विविध सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण" स्कीम के तहत प्राप्त परियोजना प्रस्तावों पर अनुदान की संस्वीकृति हेतु सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के साथ इसकी सिफारिशों पर विचार करने और अमल में लाने के लिए श्री बंशी कौल की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है।

2. उपरोक्त विशेषज्ञ समिति की संरचना निम्नांकित हैं :

| **क्र .सं .** | **नाम (श्री /श्रीमती)** | **क्षेत्र** |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | | |
| 1. | श्री बंसी कौल | रंगमंच (लोक कला) आदि |
| **सदस्य** | | |
| 2. | श्री अतुल यदुवंशी | रंगमंच /लोक कला आदि |
| 3. | श्री बलवंत ठाकुर | रंगमंच, परंपरागत मंच कला /स्वदेशी कला, दृश्य काव्य शास्त्र |
| 4. | श्री बेलगल्लु वीरन्ना | कठपुतली, रंगमंच, अकादमी पुरस्कार विजेता आदि। |
| 5. | श्री गो. रू .चन्ना बासप्पा | लोक संगीत, लोक कला आदि |
| 6. | डॉ .गौरी राम नारायण | स्वतंत्र लेखन /संगीत /रंगमंच, नाटक लेखन /सौन्दर्य शास्त्र आदि |

| | | |
|---|---|---|
| 7. | प्रो .एच.एस .शिव प्रकाश | कला एवं सौन्दर्य शास्त्र (कवि /नाटक लेखन -कन्नड, वाचन साहित्य आदि।) |
| 8. | श्री ऋषिकेश सुलभ | हिन्दी लेखक, नाटक /लघु कथा लेखक (बिदेशीया शैली), एआईआर से संबद्ध, रंगमंच कार्यकर्ता आदि |
| 9. | श्री के.के .गोपाल कृष्णन | परियोजना निदेशक, कुटियट्टम केन्द्र, रंगमंच, साहित्य एवं फिल्म (मलयालम) |
| 10. | डॉ .किशोर भट्टाचार्य | लोक साहित्य |
| 11. | सुश्री मीरा गोराडिया | हस्तशिल्प |
| 12. | श्री मिकमा शेरिंग लेपचा | लेपचा संगीत आदि। |
| 13. | प्रो .एन तोम्बी | नृत्य, समालोचक (कला, रंगमंच) आदि। |
| 14. | श्री प्रियदर्शी मुखर्जी | भाषा /लोककला / लोक साहित्य, संस्कृति आदि। |
| 15. | श्री एस .के सामल | वरिष्ठ निदेशक, राष्ट्रीय हस्तशिल्प एवं हथकरघा संग्रहालय |
| 16. | श्रीमती साधना श्रीवास्तव | फ्रीलांस एंकर (फिल्म, टेलिविजन) |
| 17. | प्रो .सुनीरा कासली वाल | संगीत एवं ललित कला )संगीत वाद्ययंत्र आदि) |
| 18. | श्री विनय कुमार | ललित कला /शिल्पकला/ लोककला (जनजातीय /परंपरागत) आदि |
| 19. | श्री यतीन्द्र मिश्र | हिन्दी कवि, भारतीय शास्त्रीय संगीत, भारतीय सिनेमा |
| **पदेन सदस्य** | | |
| 20. | श्री संजीव मित्तल | संबद्ध संयुक्त सचिव, संस्कृति मंत्रालय |
| 21. | सुश्री हेलेन आचार्य | सचिव, संगीत नाटक अकादमी |

3. सचिव, संगीत नाटक अकादमी (एसएनए), नई दिल्ली या तत्संबंधी प्रभारी, विशेषज्ञ समिति की बैठक के संयोजक होंगे। समिति के सदस्यों को स्कीम की एक प्रति पहले ही प्रदान की जाएगी।

4. एसएनए स्कीम की शर्तों के अनुसार स्कीम के तहत आवेदनों पर कार्रवाई करेगा और स्कीम के प्रावधानों के अनुसार सभी तरह से पूर्ण आवेदन विशेषज्ञ समिति के सामने उसकी सिफारिश के लिए रखेगा और तत्पश्चात इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए संस्कृति मंत्रालय को भेजा जाएगा।

5. विशेषज्ञ समिति का कार्यकाल दो कैलेंडर वर्ष के लिए होगा।

6. स्कीम के उद्देश्य के अनुसार आवश्यक होने पर विशेषज्ञ समिति, इसके सदस्यों में से उप समितिः /समूह गठित कर सकती हैं जिसमें तत्संबंधी कम से कम 7 सदस्य होंगे।

7. तदनुसार, सदस्यों से विशेषज्ञ समिति की विविध बैठक (कों) में आवश्यकतानुसार उपस्थिति लेने का अनुरोध किया जाता है।

8. पूर्वोत्तर विशेषज्ञ समिति की बैठक से संबंधित सभी व्यय, संदर्भाधीन स्कीम के तहत किया जाएगा। बाहर के गैर-सरकारी सदस्यों में से प्रत्येक को समय-समय पर निर्धारित बैठक की फीस सहित ए सी-II रेल किराया या एयर टिकट (एयर इंडिया के एकानॉमी क्लास तक सीमित) साथ ही टीए / डी ए नियम के अनुसार सड़क मील भत्ते की प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी।

9. संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली द्वारा विशेषज्ञ समिति को सचिवालय सहायता प्रदान की जाएगी।

---